# युद्ध रणनीति के चाणक्य थे बाजीराव, हिंदवी स्वराज्य में योगदान को इतिहास ने छिपायाः भालेराव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोनः** पीजी कॉलेज सभागार में बाजीराव पेशवे (प्रथम) की 326वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। रात 8 बजे आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इतिहास प्रेमी, साहित्यकार, छात्र और स्थानीय नागरिक, मातृशक्ति एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा और महंत बाजीराव पेशवे के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सीमा मिश्रा ने की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम के सूत्रधार सेवानिवृत आर्किटेक्ट चंद्रकांत भालेराव और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी नीलमाधव भुसारी की संयुक्त प्रस्तुति रही। दोनों वक्ताओं ने स्वयंसिद्ध श्रीमंत बाजीराव पेशवे के जीवन पर आधरित अविस्मरणीय दृश्य से एलईडी के माध्यम से श्राव्य प्रस्तुत करते हुए अपूर्व शौर्य, पराक्रम और रणनीतिक कुशलता को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शन के दौरान बीच-बीच में बाल्यकाल से महाप्रयाण तक के इतिहास से रुबरु करा रहे मुख्य वक्ताओं के गहन चिंतन और शोध पर श्रोताओं ने तालियां बजाकर अभिवादन किया।



**आज भी सही इतिहास नहीं आया है सामनेः** वक्ताओं ने बताया बाजीराव को युद्ध मैदान में त्वरित रणनीति बनाने वाला चाणक्य कहा जाता है। उनकी गोरिला युद्ध कला आज भी विश्वप्रसिद्ध है। वक्ताओं ने चिंता जताते हुए कहा कि बाजीराव की बाजीगरी का इतिहास हमसे छिपाया गया है। आज भी सही इतिहास सामने नही आया है। हिंदवी स्वराज्य स्थापना में दिए उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया।

**मुगल नहीं कर पाए सामनाः** मुख्य वक्ता श्री भालेराव ने बताया कि किस प्रकार बाजीराव ने अपने छोटे से कार्यकाल में मराठा साम्राज्य को उत्तर भारत तक फैलाया और मुगलों को चुनौती दी। इस वृत्तचित्र में हिंदवी स्वराज्य के विस्तारीकरण के दौरान लड़े गए तीन विश्वप्रसिद्ध युद्ध पालखेड़, दिल्ली और भोपाल के पराक्रम और त्वरित रणनीति को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया इन युद्ध में बाजीराव के युद्ध कौशल, उनकी त्वरित निर्णय क्षमता, रणनीति निर्माण और सेना के सफल नेतृत्व क्षमता का कोई मुगल सामना नही कर पाया। वृत्तचित्र ने उपस्थित दर्शकों को पेशवे के सैन्य अभियानों और उनकी दूरदर्शिता से परिचित कराया।

**फिल्मों में मस्तानी से प्रेम में तक सीमित रखा इतिहासः** वक्ताओं ने टीवी सीरियल एवं फिल्मों में बाजीराव के जीवन को केवल मस्तानी के प्रेम तक सीमित रखने पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा यह उनके जीवन का महज 10 प्रतिशत हिस्सा है, जिसे दिखाया गया है। उन्होंने ऐसे प्रयासों को इतिहास की विकृति बताया। उन्होंने कहा इतिहास में 90 प्रतिशत जीवन को छिपाया गया। लगभग डेढ़ घंटे के इस अनूठे कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भालेराव ने शिवाजी के हिन्दवी स्वराज के सबसे प्रमुख ध्वजवाहक, मराठा साम्राज्य के अपराजित एवं महान योद्धा परमवीर श्रीमंत बाजीराव पेशवा के जीवन परिचय के साथ युद्ध-नीति, युद्ध कौशल पर पूर्ण प्रामाणिक जानकारी को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया।

इस दौरान आयोजन में श्रीमंत बाजीराव पेशवे (प्रथम) स्मृति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष लक्ष्मण राव इंगले, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र गेहलोत, जिला संघचालक अजय जैन, समिति के उपाध्यक्ष मनोज बिरला, सचिव देवीसिंह बघेल, सह.सचिव नागेंद्र मुछाला, कोषाध्यक्ष विवेक भटोरे एवं समिति सदस्य राजुल माहेश्वरी, परसराम चौहान, बबलू पाल सहित बड़ी संख्या में सुधी श्रोता मौजूद रहे। संचालन राजेश रावत अन्ना ने किया। आभार प्रचार-प्रमुख कुणाल सोनी ने माना।

### बाजीराव का योगदान केवल युद्ध तक सीमित नहीं

उन्होंने बताया हिंदवी स्वराज्य के लिए बाजीराव ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। जीवन के अधिकांश समय अश्व पर रहते हुए इतिहास रचने वाले बाजीराव की बाजीगरी को आज भी लोग नही जानते। बाजीराव पेशवे का योगदान केवल युद्ध तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने मराठा साम्राज्य के विस्तार और सुदृढीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों में भी योगदान दिया। उपस्थितजनों से उनके वास्तविक इतिहास को जानने और समझने का आह्वान किया गया, ताकि नई पीढ़ी उनके वास्तविक योगदान से अवगत हो सके। समारोह में बाजीराव के आदर्शों और राष्ट्रभक्ति पर चलने का संकल्प लिया गया।

# खास-खबरें

## हर्षोल्लास के साथ निकला श्रीजी का विमानोत्सव



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, खुरईः** गुरुकुल परिसर में रविवार को श्रीजी का विमानोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः जिनेंद्र भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के साथ हुई। इसके बाद श्रीजी को पालकी में विराजमान कर विमान निकाला गया। गुरुकुल छात्रावास के छात्र भजन गाते हुए विमान के साथ चल रहे थे। धर्मावलंबियों ने पालकी उठाने का लाभ प्राप्त किया। प्रांगण की परिक्रमा के दौरान विमान के गुरुकुल विद्यालय पहुंचने पर श्रीमंत धर्मेंद्र सेठ, सचिव सतीश सराफ और प्राचार्य प्रयंक जैन ने भगवान की आरती की। वहीं ज्ञानोदय विद्यालय की ओर से प्राचार्य गिरीश बेलकर ने आरती की। विमानोत्सव का आयोजन प्रबंधक अरुण जैन, प्रशांत दिवाकर, सुधीर मोदी, जयेश मोदी, एडवोकेट अशोक जैन सहित अन्य सहयोगियों के प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बूथ क्रमांक 67 पर सुनी गई 'मन की बात', आईटी जिला संयोजक का किया स्वागत




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बड़वाहः** आज बूथ क्रमांक 67 पर रवि ऐरन के निवास पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खरगोन से पधारे आईटी विभाग के जिला संयोजक शुभम जायसवाल का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश पटेल, आईटी विभाग जिला संयोजक शुभम जायसवाल, मन की बात जिला प्रभारी दीपक ठाकुर, पूर्व मंडल महामंत्री रवि ऐरन, एल्डरमैन विक्रांत कोठारी, मन की बात बूथ प्रभारी हिमांशु जायसवाल, मोहन सिंह दरबार, बालक दास बोरसी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आस्था और विश्वास के साथ 'हनुमान अंश' ने दर्शकों का दिल जीता : नेहा परांजपे



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, खंडवाः** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु नीम करोली बाबा के जीवन पर आधारित हालिया रिलीज फिल्म 'हनुमान अंश' में पार्वती माई की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री नेहा परांजपे शनिवार को खंडवा पहुंचीं। किशोर सभागृह में उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान फिल्म से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि फिल्म को देशभर के दर्शकों का आशीर्वाद मिला है। जहां आस्था और विश्वास होता है, वहां सफलता निश्चित होती है। खंडवा पहुंचकर नेहा ने किशोर कुमार को महान और सदाबहार कलाकार बताया। उन्होंने कहा कि उनके गीत आज भी हर उम्र के लोगों की जुबान पर हैं। इस दौरान नेहा ने 'प्रेम पुजारी' के गीत 'शोखियों में घोला जाए फूलों का शबाब' और 'जिंदगी का सफर' भी गुनगुनाया। कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में हुई स्वच्छता गतिविधियां




छतरपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत नगर पालिका परिषद छतरपुर द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा के निर्देश तथा स्वच्छता नोडल अधिकारी नितेश चौरसिया के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 19, 24, 33 और 34 में स्वच्छता गतिविधियां संचालित की गईं। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 19 में सटई रोड स्थित द लैंडमार्क होटल के सामने, वार्ड क्रमांक 24 में पन्ना रोड नंबर-1 स्कूल के सामने तथा वार्ड क्रमांक 33 और 34 में छत्रसाल चौराहा क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं।

## बावड़िया काजी में विधायक कंचन तनवे ने महिलाओं से किया संवाद



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, खंडवाः** खंडवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बावड़ियां काजी में रविवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कार्यक्रम में शामिल होकर मातृशक्ति और ग्रामवासियों से संवाद किया तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक तनवे ने बूथ क्रमांक 114 पर ग्रामीणों और महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। इसके बाद महिलाओं से चर्चा कर योजनाओं से जुड़े उनके अनुभव और सुझाव जाने। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बेटियों के सशक्तीकरण के लिए लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और छात्रवृत्ति सहित विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# सूर्यवंशी क्षत्रिय कुर्मी भोयर समाज युवा संगठन के पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

### मेधावी विद्यार्थियों और वीर जवानों का हुआ सम्मान, समाजसेवा की दिलाई शपथ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, आमलाः** उपनगर बोड़खी स्थित गणेश लॉन में रविवार को सूर्यवंशी क्षत्रिय कुर्मी भोयर समाज युवा संगठन का पदभार ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा संगठन की जिला, ब्लॉक, नगर और ग्रामीण समितियों के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण कर समाज हित में कार्य करने की शपथ ली।

समारोह का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष भारत चौहान, प्रांतीय सचिव हिरमन नागपुर, जिला अध्यक्ष राजकुमार राठौर, जिला सचिव नर्मदाप्रसाद सोलंकी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। अतिथियों ने भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।



समाज संगठन के विस्तार के तहत युवा जिला अध्यक्ष संजय पवार, युवा जिला सचिव योगेंद्र पवार, जिला कोषाध्यक्ष अभिजीत सोनपुर और जिला मीडिया प्रभारी राहुल चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष तारेन्द्र रहडवे, ब्लॉक सचिव प्रदीप पटवारी और ब्लॉक कोषाध्यक्ष कृष्णा चौहान ने भी पदभार ग्रहण किया। अंधारिया, आवरिया, परसोंडी, सासबड़, खापा, खतेड़ा, देवठान, नांदपुर, तोरणवाड़, अंबाड़ा, कनौजिया, बोड़खी, बल्लाचला और बैतूल बाजार की ग्रामीण समितियों के पदाधिकारियों ने भी समाज सेवा का संकल्प लिया।

समारोह में समाज की प्रतिभाओं और वीर जवानों का सम्मान किया गया। कक्षा 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले करीब 20 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गई। इनमें गत वर्ष 10वीं की प्रदेश प्रावीण्य सूची में आठवां और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र उदित पवार भी शामिल रहे।


इसके अलावा देश की सीमाओं की सुरक्षा कर सेवानिवृत्त हुए तथा वर्तमान में कार्यरत समाज के जवानों और अन्य उत्कृष्ट प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## माता-पिता से बिछड़ी तीन साल की मासूम एक घंटे में मिली

**आमला।** नगर के शनिवार साप्ताहिक बाजार में भीड़ के बीच तीन वर्षीय प्रियांशी अपने माता-पिता से बिछड़ गई। बच्ची के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। करीब एक घंटे की तलाश के बाद पुलिस और दो सजग महिलाओं की मदद से बच्ची को सुरक्षित उसके माता-पिता तक पहुंचा दिया गया। भीमनगर निवासी मनीष बड़वाई अपनी पत्नी और तीन वर्षीय बेटी प्रियांशी के साथ साप्ताहिक बाजार पहुंचे थे। इसी दौरान भीड़ में बच्ची अचानक उनसे बिछड़ गई। इसके बाद पिता ने आमला थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। बाजार में संगीता मथानकर और उषा विजयकर को बच्ची अकेली और रोती हुई मिली। दोनों महिलाओं ने बच्ची को संभाला और उससे उसके घर तथा माता-पिता के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन कम उम्र के कारण वह ठीक से कुछ बता नहीं सकी। इसके बाद दोनों महिलाएं बच्ची को आमला थाना लेकर पहुंचीं। थाने में बच्ची के सुरक्षित मिलने की सूचना पर परिजन पहुंचे।

# यात्रियों से भरी बस मोड़ पर पलटी, एक दर्जन घायल

▸▸ आसपास के लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला



**नईदुनिया प्रतिनिधि, छतरपुरः** जिले के बड़ामलहरा क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरी गौसिया ट्रेवल्स की बस घुवारा रोड पर राय ढाबा के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने पहुंचकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया।

बस भगवां से रवाना होकर बड़ामलहरा, गुलगंज, बिजावर और सटई होते हुए छतरपुर जा रही थी। इसी दौरान घुवारा रोड पर राय ढाबा के पास मोड़ पर बस अचानक पलट गई। हादसे में घायल यात्रियों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस और अन्य वाहनों से अस्पताल भेजा गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर बस के मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटने की बात सामने आई है, हालांकि हादसा किस वजह से हुआ, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। अस्पताल में भर्ती घायलों की स्थिति और उनकी पहचान की विस्तृत जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। पुलिस और प्रशासन की ओर से घायलों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## ईयरफोन लगाकर टेंपो चला रहे चालक ने 8 साल के मासूम को कुचला, मौके पर ही मौत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बड़वाहः** बड़वाह से करीब 13 किलोमीटर दूर ग्राम बठोली में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे की है। घर के पास आंगन में खेल रहे 8 वर्षीय मासूम लक्ष्य पिता भोला खेड़ेकर को दूध सप्लायर के एक टेंपो चालक ने कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने कानों में ईयरफोन लगा रखे थे और तेज गति व लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे के बाद परिजन लहूलुहान बच्चे को तुरंत बड़वाह सिविल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चौथी कक्षा का छात्र था। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।हादसे के बाद आरोपी चालक टेंपो को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## पॉक्सो एक्ट में एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार


**देवरी कलां।** फरार आरोपितों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत देवरी थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना देवरी में अपराध क्रमांक 251/25 के तहत धारा 376, 363 तथा पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था। मामले में आरोपित मनोहर लाल चढ़ार घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित अपने ठिकाने पर मौजूद है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए।

# उत्तम आकिंचन धर्म ने दिया त्याग और आत्मशांति का संदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरमः** दिगंबर जैन समाज द्वारा अध्यक्ष संतोष जैन के नेतृत्व में मनाए जा रहे दशलक्षण पर्युषण महापर्व के नवें दिन जिनालयों में उत्तम आकिंचन धर्म की विशेष आराधना की गई। भगवान जिनेंद्र देव का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और धार्मिक अनुष्ठान हुए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ लिया।

धर्मसभा में विदुषी सुमन दीदी ने उत्तम आकिंचन धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि आकिंचन का अर्थ केवल बाहरी वस्तुओं का त्याग करना नहीं है। मोह, ममता, आसक्ति और परिग्रह की भावना का त्याग ही इसकी वास्तविक साधना है। उन्होंने कहा कि बाहरी वस्तुएं नश्वर हैं, जबकि आत्मा की निर्मलता, सदाचार, संयम और संतोष ही वास्तविक संपत्ति है।

अध्यक्ष संतोष जैन ने कहा कि पर्युषण महापर्व आत्मशुद्धि, आत्मचिंतन और जीवन को संयमित बनाने का अवसर है। उन्होंने समाजजनों से दशलक्षण धर्म की शिक्षाओं को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।



वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी जीवनशैली में मनुष्य की आवश्यकताओं की तुलना में इच्छाएं बढ़ती जा रही हैं। उत्तम आकिंचन धर्म सीमित इच्छाओं, संतोष, संयम और आत्मचिंतन का मार्ग दिखाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मोह-ममता और परिग्रह से ऊपर उठकर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**अनंत चतुर्दशी पर होंगे विशेष आयोजनः** अनंत चतुर्दशी पर भगवान श्रीजी का 108 कलशों से अभिषेक एवं शांतिधारा की जाएगी। शाम को आरती, भक्ति और धर्मप्रवचन के बाद सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। समाज के सचिव आलोक जैन और प्रवक्ता अभिषेक जैन ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सेमरी हरचंद में रामलीला महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

### मनमोहन अग्रवाल पुनः अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष बृजमोहन पचौरी मनोनीत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सेमरी हरचंदः** श्रद्धा, समर्पण और आस्था के केंद्र सेमरी हरचंद में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले श्री रामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री रामलीला समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में आगामी रामलीला महोत्सव के आयोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से मनमोहन अग्रवाल को पुनः समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया, वहीं बृजमोहन पचौरी को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने श्री रामलीला महोत्सव को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए अपने विचार व्यक्त किए तथा आयोजन की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की। समिति के सदस्यों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य, त्याग एवं धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महोत्सव को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही।



समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन 11अक्टूबर 2026 से प्रारंभ होकर 27 अक्टूबर 2026 तक सेमरी हरचंद में किया जाएगा। इस दौरान रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा, जिसके माध्यम से दर्शकों को भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र एवं आदर्शों से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

श्री रामलीला महोत्सव से क्षेत्र के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी शामिल होकर भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद लेते हैं। आयोजन को लेकर नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से श्री रामलीला महोत्सव में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## नर्मदा किनारे 27 हजार रुपए की कच्ची शराब बरामद

**नर्मदापुरम।** रविवार को आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ शहर के कई संवेदनशील और संदिग्ध इलाकों में एक साथ दबिश देकर अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी कच्ची शराब और महुआ लाहन जब्त किया। टीम ने बालागंज, मालाखेड़ी, गिन्नी कम्पाउंड, सेठ गुरु प्रसाद स्कूल के आसपास, बंगाली कॉलोनी सिकलीकर, बीटीआई, मदरवाड़ा, पिचिंग घाट और भीलपुरा समेत अन्य स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान 40 बल्क लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा और डेढ़ क्विंटल महुआ लाहन बरामद हुआ। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 27 हजार रुपए बताई गई है। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव द्विवेदी ने बताया कि नर्मदा नदी के किनारे से 5 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेचे जाने की सूचना मिलने के बाद विभाग ने कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई को लेकर विभाग की सक्रियता बढ़ी है।

## स्त्री शक्ति का जनसंपर्क अभियान महिलाओं से किया संवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, दमोहः** भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश द्वारा महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दमोह नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। रविवार को संगठन की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न परिवारों में पहुंचकर महिलाओं से संवाद किया तथा संगठन के उद्देश्यों, गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

अभियान में भारतीय स्त्री शक्ति की वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं सागर जिला उपाध्यक्ष डॉ. ममता सिंह, जिला संयोजक डॉ. हंसा वैष्णव, जबलपुर जिला अध्यक्ष शैलवाला बैरागी, सागर नगर अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन, समरसता और स्वाभिमान को संगठन के प्रमुख आयाम बताते हुए महिलाओं से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने शिक्षा के अवसर, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूह और उद्यमिता प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। महिला सुरक्षा, अधिकारों और सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों पर भी संवाद हुआ।

परिवार संपर्क अभियान के बाद आयोजित बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बताया गया कि 3 और 4 जनवरी 2027 को जबलपुर में विभाग सम्मेलन के साथ प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा। इसके लिए संपर्क अभियान को गति देने और अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने की योजना बनाई गई।